अभ्यास

कहानी में से

1. चिड़िया ने घोंसला बनाने के लिए क्या किया?
2. चिड़िया पत्ता क्यों नहीं उठा पा रही थी?
3. हाथी की ताकत को देखकर आदमी ने क्या किया?

बातचीत के लिए

1. चिड़िया को अपनी आँखें क्यों बंद करनी पड़ीं?
2. जब आदमी ने हाथी से बोझा उठवाया होगा तो हाथी के मन में क्या-क्या आया होगा?
3. चिड़िया ने कहा कि एक पेड़ को बनाने में कम-से-कम दस वर्ष लग जाते हैं। बताइए, इन्हें बनने में कितना समय लगता होगा–
   - मधुमक्खी का छत्ता
   - चिड़िया का घोंसला
   - आम का बाग

आपकी कल्पना

1. हाथी पेड़ उखाड़कर यहाँ-वहाँ घूमने लगा। कल्पना कीजिए कि पेड़ उखड़ने से किस-किसको नुकसान पहुँचा होगा।
2. हाथी को ऐसा करने से कौन रोक सकता था और कैसे?
3. हाथी को क्या-क्या सामान ढोना पड़ा होगा?

कुछ हल्का और कुछ भारी

आपको कौन-कौन सी चीज़ें हल्की लगती हैं, और कौन-कौन सी भारी? जैसे चिड़िया को पत्ता भारी लगा और हाथी को हल्का।

हल्का	भारी
....	....
....	....
....	....
....	....
....	....

भाषा की बात

1. **सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए–**

   (क) उसने पलक को आवाज़ देकर..............................। (बुलाया/बुला दिया)

   (ख) गप्पू हाथी ने पेड़..। (उखाड़ लिया/उखाड़ा)

2. **पाठ में से चंद्रबिंदु (ँ) वाले कोई तीन शब्द चुनकर लिखिए–**

   ....

   ....

   ....

3. **'चिड़िया' और 'हाथी' से जुड़े हुए चार-चार शब्द छाँटकर लिखिए–**

   छोटी, पंख, बड़ा, पूँछ, घोंसला, सूँड़, तिनका, सामान

चिड़िया		हाथी	
....	....	....	....
....	....	....	....

जीवन मूल्य

1. कहानी में हाथी ने पेड़ उखाड़े। कक्षा में चर्चा कीजिए कि–
   - क्या हाथी को ऐसा करना चाहिए था? क्यों?
   - पेड़ उखाड़ने से क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं?
   - अपनी धरती को हरी-भरी बनाने के लिए आप क्या करेंगे?
2. असहाय व्यक्तियों का मज़ाक उड़ाना बुरी बात है। इस पाठ में हाथी ने अपनी गलती मान ली। क्या हमें भी गलती करने पर माफ़ी माँग लेनी चाहिए या नहीं?
3. अगर आपसे कोई गलती हो जाए तो क्या आप माफ़ी माँगेंगे, क्यों?

कुछ करने के लिए

दिए गए निर्देशों के अनुसार मुखौटा बनाइए–



1. शेर के मुँह की आकृति बनाइए।



2. रंग भरिए।

3. अब बाहरी लाइन से काट लीजिए।



4. दोनों किनारों पर छेद कीजिए और धागा बाँधिए।

आप इस तरह हाथी, गाय, बिल्ली, कुत्ते आदि के मुखौटे भी बना सकते हैं।